**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>
## <u>फार्मर फर्स्ट परियोजना द्वारा सर्वेक्षण कार्यक्रम</u>

पन्तनगर। 18 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित फार्मर फर्स्ट परियोजना के अर्न्तगत सूर्यजाला, गयाखेत, ब्लाट इत्यादि गावों का सर्वेक्षण किया गया। परियोजना अधिकारी डा. एस. के. कश्यप ने बताया कि यह परियोजना नैनीताल जिले में गोद लिये गये गॉवों के लिए काफी फायदेमंद होगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना नैनीताल जिले के ग्राम ज्योलि, स्याली खेत एवं दोगड़ा के किसानों को पूर्व में भी लाभान्वित कर चुकी है और अब नये गावों सूर्यजाला, गयाखेत, ब्लाट इत्यादि गावों के लोगो को भी लाभान्वित करेगी। इस परियोजना में पशुपालन, मौनपालन, मशरूम उत्पादन से आजीविका को बढ़ावा मिलेगा। सर्वेक्षण में उपस्थित सह–परियोजना अधिकारी डा. अर्पिता शर्मा कांडपाल ने बताया कि उपयुक्त गावों के विकास के लिए जनवरी माह में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सर्वप्रथम मशरूम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया जायेगा। इस दौरान परियोजना में कार्यरत डा. नेहा आर्या, श्वेता एवं किसान सुमन सूर्या, विद्यादेवी, शक्ति सिंह सूर्या, श्री जनम सिंह सूर्या, कांति सूर्या उपस्थित थे।



*परियोजना के अधिकारियों द्वारा सर्वेक्षण करते*

**निदेशक संचार**